far, would thus total to 25.8 lakh tonnes of wheat and 16 lakh tonnes of milo A further supply of 6.45 lakh tonnes of wheat and 2.55 lakh tonnes of milo will become available when the proposed agreement is signed

देश मे विभिन्न नदियों को मिला कर जल मार्ग बनाना

2265. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विभिन्न नदियों को मिला कर एक जलमार्ग बनाने के बारे में जो योजना सरकार के विचाराधीन थी उसके सम्बन्ध में क्या निर्णय किया गया है,

(ख) यदि योजना को अन्तिम रूप दे दिया गया है, तो उसका ब्यौरा क्या है और

(ग) क्या इस जलमार्ग मे बंगाल की खाडी और अरब सागर के बीच देश के आर-पार छोटे जहाज चल सकेंगे ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) (क) से (ग) देश के विभिन्न जलमार्गों की नौचालन क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए इन जलमार्गों को जोड़ने की सम्भावनाओं को खोज निकालने के लिए कुछ प्रारम्भिक अध्ययन शुरू किये गये थे। इनमे ये शामिल हैं —

(1) नर्मदा को गंगा नदी में सोन नदी के द्वारा मिलाना।

(2) नर्मदा को यमुना से केन नदी के द्वारा मिलाना।

(3) नर्मदा को गोदावरी से वेनगंगा (गोदावरी की सहायक नदी) के द्वारा मिलाना।

(4) ताप्ती को गोदावरी से मिलाना।

इन प्रारम्भिक अध्ययनों के आंकड़ों की जल परिवहन की गोखले समिति (1959) ने परीक्षा की थी और सिफारिश की थी कि नदियों को जोड़ने के प्रश्न पर अगले 30 वर्षों की अवधि में विभिन्न बहुप्रयोजी परियोजनाओं के लागू होने के बाद विचार किया जाय। इन परियोजनाओं से नदियां आज कल के मुकाबले और अधिक हद तक नौचालन योग्य हो जाएगी। इन अध्ययनों पर आधारित कोई विस्तृत योजना नहीं बनायी गयी है और इस प्रकार जोड़े गये जलमार्गों पर मोटे पोतों के नौचालन की सम्भावनाओं के लिए अभी समय इतना नहीं हुआ कि उनका मूल्यांकन किया जा सके।

चौथी योजना में पर्यटन का विकास

2266. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) चौथी योजना की अवधि में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कितनी धनराशि नियत की गई है तथा पर्यटन से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होने की सम्भावना है, और

(ख) इस कार्य के लिये होने वाले व्यय में विदेशी मुद्रा कितनी होगी ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) (क) पर्यटन के विकास के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना में 25 करोड़ रुपये का नियतन सम्मिलित है। 1962 में किये गये सर्वेक्षण के आधार पर चौथी योजना के दौरान, पर्यटन से अनन्तिम अनुमान के तौर पर कुल 140 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त होने की सम्भावना है।

(ख) पर्यटन योजना पर होने वाले 25 करोड़ रुपये के व्यय में विदेशी मुद्रा का अंश अनुमानतः 2.57 करोड़ रुपये है।